## कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी जोगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपद जालौन/ललितपुर द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व घटनाओं के अनावरण का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशन:-

जनपद-ललितपुर

# 198 वाहनों के काटे चालान

ललितपुर। यातायात पुलिस ने रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों घंटाघर, इलाईट चौराहा, पिसनारी तिराहा पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 198 वाहन चालकों के चालान कर 2,43,500 रुपये का ऑनलाइन जुर्माना किया गया।

दो वाहनों के प्रपत्र न पाए जाने पर उन्हें सीज करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात प्रभारी अभिनेंद्र सिंह व उनकी टीम ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। संवाद

जनपद-जालौन

# तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

जालौन। कोतवाली पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 7400 रुपये बरामद किए हैं। दीपावली का त्योहार आते ही जुआ का खेल शुरु हो जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हार-जीत का खेल शुरु हो गया है। कोतवाली पुलिस ने नगर के कर्बला कब्रिस्तान के पास चल रहे जुआ के फड़ पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने हसीब निवासी कटरा, समेत तीन लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 7400 रुपये के साथ ताश की गड्डी बरामद की है।

# पुलिस ने छह जुआरी पकड़े

कालपी। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सोहरापुर गांव में जुए के फड़ पर छापा मारकर छह लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। पुलिस को फड़ से 25137 रुपये ताश पत्ते बरामद हुए। पुलिस ने सभी पर जुआ एक्ट की कार्रवाई की। (संवाद)

Twitter id:- @rangejhansi